## खास-खबरें

### फूटा ताल से झंडा यात्रा निकाली



**जबलपुर।** चैत्र नवरात्रि की पंचमी तिथि पर शनिवार को फूटा ताल से झंडा यात्रा निकाली गई, जहां हजारों की संख्या में श्रद्धालु देखने को मिले वही यात्रा को शुभारंभ फूटाताल से किया गया जहां यात्रा सराफा, कमानिया ,सुपरमार्केट होते हुए यात्रा का समापन बगलामुखी मंदिर में हुआ जहां माता को झंडा अर्पित किया गया और वही जगह-जगह पर लोगों ने मंच बनाकर यात्रा का स्वागत भी किया ,यात्रा में गणेश जी, राम दरबार ,हनुमान जी ,भोलेनाथ के साथ-साथ मां दुर्गा की प्रतिमा झांकी के रूप में शामिल हुई वहीं भूत प्रेत की मंडली और बैंड की धुन पर नाचते भक्त यात्रा का मुख्य आकर्षण रहे शोभायात्रा में मानव घनगोरिया, वीरेंद्र घनगोरिया ,अजय घनगोरिया अमन राज हरि खटीक राजकुमार मोजक आदि शामिल रहे।

### अपने भक्त के अभिमान को तुरंत नष्ट करते हैं भगवानःउद्धवदास

**सीहोर।** भगवान को यदि भक्त को कोई बात पसंद नहीं आती है तो वह है अभिमान। यदि भक्त को अभिमान हो जाता है तो भगवान बहुत सख्ती से उसे पूरी तरह हटाने में लग जाते हैं क्योंकि अभिमान व्यक्ति का नाष कर देता है और भक्त भगवान से बहुत दूर हो जाता है। भक्त के जीवन के सुख दुख की जिम्मेदारी भगवान की होती है और वो नहीं चाहते कि अभिमान के कारण उनके भक्त के जीवन में संकट आए या अभिमान के चलते भक्त भगवान से दूर हो जाए। यही कारण है कि अपने सबसे प्रिय भक्त नारदजी के अभिमान को नष्ट करने में भगवान ने बिलकुल भी देर नहीं की।

### ग्रामीण क्षेत्रों में स्वीप गतिविधियों का हुआ आयोजन

**विदिशा।** स्वीप गतिविधि अंतर्गत आज विदिशा जिले के विभिन्न ग्रामों में ग्रामीण महिलाओं के द्वारा विविध प्रकार की मतदाता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। महिलाओं द्वारा रंगोली, मेहंदी प्रतियोगिता सहित संगीतमय भजनों की प्रस्तुति देकर जिले के मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया है। विदिशा के ग्राम पठारी हवेली, कराखेड़ी, कागपुर, स्वरूप नगर, करारिया लश्करपुर समेत अन्य ग्राम पंचायतों में स्थानीय महिलाएं कार्यक्रम में सहभागी होकर रंगोली, मेहंदी प्रतियोगिता में हिस्स लिया। महिलाओं द्वारा आकर्षक रंगोली सजाई गई रंगोली के माध्यम से उन्होंने मतदाता जागरूकता पर आधारित स्लोगन भी जमीन पर उकेरे। इसके अलावा सभी महिलाओं ने अपने-अपने हाथों पर मेहंदी भी लगाई।

# सीहोर जिले के 41779 किसानों से 306167 मेट्रिक टन गेहूं की खरीदी

**सीहोर।**



जिला पंचायत सभाकक्ष में कलेक्टर प्रवीण सिंह की अध्यक्षता में सीएम हेल्पलाइन, लंबित एवं समय सीमा वाले पत्रों की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी अधिकारियों को कहा कि वो प्राप्त आवेदनों के निराकरण के मामलो में तेजी लाने के साथ ही प्रकरणों का त्वरित संतुष्टिपूर्ण निराकरण करते हुए विभागीय रैंकिंग में 80 प्रतिशत से बनाये रखने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि ऐसे आवेदन जो मांग, बजट से संबंधित है उन आवेदनों को फोर्स क्लोज कराने की कार्यवाही की जाए। वहीं ऐसे आवेदन जिनका निराकरण प्रदेश स्तर पर होना है उन पत्रों के संबंध में निराकरण के निहित बिंदुओं व कारणो का स्पष्ट उल्लेख कर विभाग प्रमुख को प्रेषित किए जाए ताकि समय सीमा में सम्पूर्ण कार्यवाही होकर प्रकरण निराकृत हो सकें। कलेक्टर श्री सिंह ने लोकसेवा गारंटी, आरसीएमएस, भूमि अधिग्रहण न्यायालय तथा आयोग के पत्रों पर कार्यवाही के साथ ही अनेक विभागों के विभागीय कार्य की समीक्षा की। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अशीष तिवारी, अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, आनंद सिंह राजावत, नितिन टाले, डिप्टी कलेक्टर सुधीर कुशवाह, सभी एसडीएम सहित सभी जिला अधिकारी उपस्थित थे।

**निर्वाचन गतिविधियों की समीक्षा**

कलेक्टर श्री सिंह ने लोकसभा निर्वाचन के कार्यो की समीक्षा के दौरान कहा कि आयोग द्वारा जिन विषयों पर जानकारियां चाही जाती है वे समय सीमा में पहुंचाया जाना सुनिश्चित करें। निर्वाचन के किसी भी कार्य में न तो स्वंय विलम्ब करें और न ही किसी के द्वारा होने दें। उन्होंने कहा कि जिसे जो दायित्व सौपा गया है वो पूरी गंभीरता से निर्वहन करें। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि एफएसटी, व्हीएसटी के द्वारा अब सधन जांच पड़ताल की जाए और जिले की सीमा में किसी भी प्रकार के अनैतिक गतिविधियां न होने पाए। किसी भी प्रकार से प्रतिबंधित सामग्री का परिवहन ना हो पाए इसके लिए चौकियो पर सघन जांच पड़ताल हो। जांच पडताल से संबंधित सम्पूर्ण कार्यवाही की वीडियो रिकार्डिग अनिवार्य रूप से कराई जाए।

**मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजनः** बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने जिले में मतदाता जागरूकता के लिए चलाये जा रहे अभियान का की बात करते हुये कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान के लिए स्वीप कैलेण्डर के अनुसार सभी कार्यवाहियों सुनिश्चित की जाएं। नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता संबंधी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएं। उन्होंने कहा कि विधानसभा निर्वाचन में जिस प्रकार मतदाताओं की रूचि मतदान में रही है ठीक वैसे ही लोकसभा की मतदान तिथि 07 व 13 मई को परिलक्षित हो इसके लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम हर स्तर पर प्रभावी ढंग से लगातार आयोजित हो।

**उपर्जान केन्द्रों की व्यवस्था संबंधी निर्देशः** कलेक्टर श्री सिंह ने जिले में गेहूं उपार्जन कार्यों की समीक्षा के दौरान जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन कार्यों के संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि जो केन्द्र प्रारंभ नहीं हुए हैं उन्हें शीघ्र प्रारंभ किया जाए। बैठक में जानकारी दी गई कि 41779 किसानों से 306167 मेट्रिक टन गेंहूँ की खरीदी की गई है। इसी प्रकार 598 मेट्रिक टन चने की खरीदी की जा चुकी है।



### खरबई एसएसटी चेक प्वाइंट पर वाहन की जांच के दौरान 1 लाख 47 रु जप्त

**रायसेन।**

जिले में लोकसभा आम निर्वाचन स्वतंत्र, निष्पक्ष और सुचारू रूप से सम्पन्न कराने तथा बड़ी मात्रा में नकदी, बहुमूल्य धातुओं और निषिद्ध वस्तुओं के परिवहन को रोकने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे के निर्देशानुसार जिले में निर्धारित मार्गो पर एसएसटी चेक पोस्ट स्थापित किए गए हैं, जहां वाहनों की सघन तलाशी ली जा रही है। इसी क्रम में जिले में सांची विधानसभा अंतर्गत खरबई स्थित एसएसटी चैक प्वाइंट पर एसएसटी टीम द्वारा मंगलवार को भोपाल से सिलवानी की ओर जा रहे वाहन क्रमांक एमपी04 जेडएफ 0177 की जांच की गई। जांच के दौरान वाहन में सवार जितेंद्र गौर आ0 हरिशरण गौर से एक लाख 47 हजार 500 रू नगद जप्त किए गए। जितेंद्र गौर द्वारा उक्त राशि के संबंध में स्पष्ट जानकारी नहीं दे पाने पर राशि जप्ती कर नियमानुसार कार्रवाई की गई।

### जिला चिकित्सालय में कलेक्टर ने रोगियों व परिजनों से ली स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी

**विदिशा ( निप्र )।** कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य तथा जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट ने श्रीमंत माधवराव सिंधिया जिला चिकित्सालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री वैद्य ने विभिन्न वार्डो, चिकित्सकों की बैठने की व्यवस्था, सोनोग्राफी के अलावा विभिन्न स्वास्थ्य परीक्षणों के संबंध में लिए जाने वाले सेम्पल, एक्सरे कक्ष में पहुंचकर जायजा लिया वहीं विभिन्न वार्डो में भर्ती मरीजो से संवाद कर अस्पताल के माध्यम से मुहैया कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर श्री वैद्य ने जिला चिकित्सालय के विभिन्न वार्डो में भ्रमण के दौरान मरीजो के परिजनों से भी संवाद कर मुहैया कराई जा रही है।

### 2 लाख 3 हजार रुपए की 58 पेटी देशी मदिरा जप्त



शाजापुर। लोकसभा निर्वाचन-2024 को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना के निर्देशन में व जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती निधि जैन के मार्गदर्शन में तथा सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री अशोक कुमार खत्री एवं श्री रमेश कुमार पन्द्रे के नेतृत्व में मदिरा के अवैध निर्माण, संग्रहण, परिवहन एवं विक्रय पर नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियान अंतर्गत गत दिवस वृत्त शाजापुर अंतर्गत पम्पापुर कंजर डेरे से आरोपी प्रवीण उर्फ पप्पू हाडा जाति कंजर के रिहायशी मकान से 58 पेटी देशी मदिरा जिसकी कीमत लगभग 2 लाख 3 हजार रुपये की जप्त कर आरोपी के विरूद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत न्यायालयीन प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। की गई कार्यवाही में आबकारी उप निरीक्षक श्री सुरेश पटेल, मीनाक्षी बोरदिया, आबकारी आरक्षक श्री दिनेश कौशिक, श्री लखन सिंह सिसोदिया, श्री राकेश जमरा, नगर सैनिक श्री ओमप्रकाश दुबे, श्री नरेन्द्र कुमार, श्री हेमराज परमार एवं बाबुलाल गुर्जर का विशेष योगदान रहा।

### चालानी कार्यवाही में 80 हजार रु. का शमन शुल्क वसूला गया

**विदिशा ( निप्र )।** कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य के निर्देशों के अनुपालन में जिला परिवहन अधिकारी गिरिजेश वर्मा ने महानीम चौराहा एवं सिरोंज में वाहनों की जॉंच-पड़ताल कर नियमों को पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की गई। इस दौरान 94 वाहन नियम विरुद्ध चलते पाए जाने के कारण उनके विरुद्ध चालानी कार्यवाही की जाकर उनमें से 89 वाहनों से शमन शुल्क 80 हजार रु. वसूल किया गया है जबकि शेष 5 अन्य वाहन प्रकरण निराकरण की प्रत्याशा में जब्त कर पुलिस थाना शमशाबाद एवं सिरोंज में सुरक्षार्थ रखे गए हैं। इस दौरान 70 वाहनों को जारी अधिग्रहण आदेश तामील कराए गए हैं।

## पतिव्रता स्त्री जहां चरण रख दे, वह स्थान तीर्थ हो जाता है : प्रपन्नाचार्य

**गंजबासौदा।**

स्त्री का जीवन एक धर्ममय सजगता दिखता है। यदि स्त्री पतिव्रता हो जाए और जहां चरण रख दें वह तीर्थ बन जाता है। पतिव्रता स्त्री का एक ऐसा बल है जिससे यमराज भी घबरा गए थे। अपने पतिव्रत धर्म के बल पर ही वह पतिव्रता सावित्री यमराज से अपने पति के प्राण वापस ले आई थी। यह है पतिव्रत धर्म की ताकत। पतिव्रता स्त्री के दर्शन, गंगा दर्शन की तरह पवित्र हैं। जो स्त्री ज्ञानी होगी उसका पुत्र सर्वश्रेष्ठ होगा। बिना शक्ति हर कोई अशक्त होता है। शक्ति के बिना शक्तिमान भी अधूरे रहते है। शक्ति आराधना के इस



पवित्र पर्व पर हमको नारायणी की उपासना अवश्य करना चाहिए क्योंकि नारी से नारायणी की यात्रा का पर्व ही नवरात्र है। यह बात अयोध्या धाम से पधारे जगद्गुरू रामानुजाचार्य स्वामी रत्नेश प्रपन्नाचार्य जी महाराज ने नौलखी आश्रम पर विराट प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष्य में चल रही संगीतमय श्रीमद् बाल्मीकि रामायण के षटम दिवस में धर्म सभा को संबोधित करते हुए कही।

महाराजश्री ने कहा कि आज देश में स्त्री सामानता की बात जोर-जोर से की जाती है जबकि हमारे यहां पुरातनकाल से स्त्रियों को सामानता दी गई है। हमारे वेदों ने तो यहां तक कहा कि जहां स्त्रियों की पूजा होती है वहाँ देवताओं का वास होता है। नवरात्रि का व्रत नारी के लिए होता है और उसकी आराधना में पुरुष भी डूबा रहते हैं। विदाई के समय माता सुनयना ने अपनी चारों बेटियों को जो संस्कार दिए उन्हीं की बदौलत चारों बेटियों ने मिथिला के साथ-साथ अयोध्या को भी अपने संस्कारों से आलोकित किया।

## लोकसभा निर्वाचन में मतदान प्रतिशत बढ़ाने जिले में आयोजित की जा रही मतदाता जागरूकता गतिविधियां

**रायसेन।**



लोकसभा आम निर्वाचन-2024 में जिले में अधिक से अधिक मतदान के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे के निर्देशानुसार स्वीप प्लान के तहत सम्पूर्ण जिले में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता गतिविधियों में रैली, चित्रकला, रंगोली, पोस्टर, मानव श्रृंखला आदि के माध्यम से लोकसभा आम निर्वाचन में अधिक से अधिक मतदान का संदेश दिया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को रायसेन नगर में शहरी आजीविका मिशन के स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा शत प्रतिशत मतदान की थीम पर भजनों का आयोजन किया गया। इसके उपरांत सभी महिलाओ ने घर-घर जाकर मतदाताओं को आगामी 07 मई को मतदान के लिए जागरूक किया। इसी प्रकार सांची में भी नगर परिषद द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई।

### मतदाताओं को जागरूक करने के लिए दिलाई जा रही शपथ

**मंदसौर।** जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए शपथ दिलाई जा रही हैं। हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतान्त्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

## पुष्य नक्षत्र योग में आस्था और उत्साह के साथ मनाई महाष्टमी

**सीहोर।** हर साल की तरह इस साल भी नवरात्रि के पावन अवसर पर शहर के विश्रामघाट स्थित चौसट योगनी मरीह माता मंदिर में आस्था और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। मंगलवार को महाष्टमी का पावन पर्व पुष्य नक्षत्र योग में धूमधाम से मनाया गया था। इस मौके पर करीब 101 कन्याओं को भोजन के साथ शिक्षा साम्रगी का वितरण किया गया। इस मौके पर मंदिर के प्रबंधक रोहित मेवाड़ा, श्रीराधे श्याम विहार कालोनी की ओर से जितेन्द्र तिवारी, मनोज दीक्षित मामा, युवा समाजसेवी यश अग्रवाल, पंडित गणेश शर्मा, पंडित सुनील कुमार पाराशर, कृष्णा मेवाड़ा सहित अन्य मौजूद थे। अब बुधवार को सुबह आठ बजे से यहां पर जारी हवन का समापन किया जाएगा और आरती के पश्चात भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे।

पंडित श्री शर्मा ने बताया कि मंगलवार को दुर्गा महाअष्टमी पर सुबह पुष्य नक्षत्र योग प्रारंभ हुई, जो अगले दिन नवमी पर बुधवार की सुबह 7 बज कर 54 तक रहेगा। पुष्य नक्षत्र को पोषण कर्ता माना जाता है। यह ऊर्जा शक्ति प्रदान करने वाला नक्षत्र होता है।

**हर रोज हो रहा माता के दरबार में भंडारे का आयोजन**

शहर के प्रसिद्ध मरीह माता मंदिर में हर साल की तरह इस साल भी चैत्र नवरात्रि का पर्व पूरी आस्था के साथ मनाया जा रहा है। यहां पर आने वाले आस्थावना श्रद्धालुओं और महिला मंडलों के द्वारा प्रतिदिन यहां पर आने वाले कन्याओं को भोजन प्रसादी का वितरण किया जा रहा है। मंगलवार को भी बड़ी संख्या में कन्याओं की पूजन-अर्चना करने के पश्चात प्रसादी का वितरण किया गया था। मंगलवार की सुबह से ही मंदिर परिसर में सुबह साढ़े सात बजे से करीब 31 हजार देवी मंत्रों के साथ आहुतियां दी गई और आरती की गई। वहीं बुधवार को भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

**आठवें स्वरूप आदि शक्ति महागौरी की पूजा की जाती**

श्री दीक्षित ने बताया कि मां दुर्गा के आठवें स्वरूप आदि शक्ति महागौरी की पूजा की जाती है। आठवें दिन की पूजा देवी के मूल भाव को दर्शाता है।

### 39 पर पहुंचा अधिकतम तापमान 2 दिन बारिश की संभावना नहीं

**सीहोर।** जिले में आज अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है। उल्लेखनीय है कि 5 दिनों तक वेस्टर्न डिस्टरबेंस के प्रभाव के कारण तापमान में कमी आई थी, वहीं अधिकतम तापमान में अब 1 डिग्री की बढ़ोतरी हो गई है। जानकारी के अनुसार बीते एक सप्ताह के दौरान सीहोर जिले में मौसम के दो रंग देखने को मिले हैं। 5 दिनों तक लगातार वेस्टर्न डिस्टरबेंस का प्रभाव रहा, जिसके कारण अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था। लेकिन कल से अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज होना शुरू हो गई है। कल जहां अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था, वहीं आज 1 डिग्री की बढ़ोतरी होकर 39 डिग्री सेल्सियस दर्ज हो गया है। मौसम विभाग का अनुमान है कि अभी तीन दिनों तक भीषण गर्मी का दौर रहेगा, उसके बाद मौसम में कुछ परिवर्तन होने की संभावना रहेगी। शासकीय कृषि कॉलेज में स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ एसएस तोमर ने बताया कि पूर्व अनुमान की जारी की गई एडवाइजरी के अनुसार आज और कल बारिश की संभावना नहीं है, इस दौरान धूप में तेजी रहेगी जिसके कारण लोगों को भीषण गर्मी का एहसास होगा।

## श्रीरामचंद्र के राज्य में दशार्ण जनपद की राजधानी थी विदिशा नगरीःधर्माधिकारी

**विदिशा ( निप्र )।** भए प्रगट कृपाला दीनदयाला,कौशल्या हितकारी, हरषित महतारी मुनि मन हारी,अद्भुत रूप बिचारी। लोचन अभिरामा तनु घनस्यामा,निज आयुध भुजचारी, कोटि कोटि नयनों के तारे अवधपुरी के राजदुलारे भक्तों को दर्शन देने त्रेता युग में विदिशा पधारे थे।

धर्मगुरु धर्माधिकारी पं.गिरधर गोविन्द प्रसाद शास्त्री ने बताया कि भगवान श्री रामचंद्रजी ने विदिशा नगरी को धन्य किया है। विदिशा, भगवान श्रीरामचंद्रजी के परम पावन चरणारविन्दो से पवित्र हुई है। विदिशा के वैत्रवती के चरणतीर्थ धाम घाट पर भगवान के चरण चिह्नों का आज भी नित्य पूजन होता है, इसीलिए इस घाट का नाम चरण तीर्थ धाम रखा गया है। भगवान श्रीरामचंद्र जी के विदिशा पदार्पण की स्मृति में वेत्रवती के तट पर स्थित त्रिवेणी तीर्थ जहां भगवान श्री राम एवं लक्ष्मण की प्राचीन प्रतिमाएं प्रतिष्ठित हैं। उदयगिरी के सामने शताब्दियों प्राचीन श्री जटा शंकर भगवान के मंदिर में भगवान श्रीरामजी लक्ष्मणजी की वनवाशी वेश में सुन्दर प्रतिमाएँ प्रतिष्ठित हैं।

भगवान श्रीरामचंद्रजी के विदिशा पदार्पण को चिरस्थायी बनाने के लिए आज से 124 वर्ष, पूर्व पूज्यपाद् धर्माधिकारी पं. विश्वनाथजी शास्त्री ने अपने शिष्यों के साथ मिलकर रामलीला मेला का शुभारंभ किया जो आज टीव्ही एवं मोबाइल के माध्यम से विदेशों में दृष्टिगोचर हो रही है। पौराणिक मान्यता के अनुसार महर्षि बाल्मीकिजी विदिशा क्षेत्र के वनों में तपस्वीयों के साथ तपस्या करते थे। आज भी विदिशा जिले के करीला गांव में माता जानकी के दर्शन हेतु लाखों श्रद्धालु होली रंग पंचमी के अवसर पर सपरिवार आकर मनोकामना पूर्ण होने पर प्रसाद समर्पित करते हैं।

भगवान श्रीरामचंद्रजी श्रीलक्ष्मणजी के साथ विदिशा पदार्पण करके शत्रुधन जी के पुत्र शत्रुघाती/यूपकेतु (सुबाहु) का दशार्ण जनपद की राजधानी का राजा बना कर राज्याभिषेक श्रीरामचंद्रजी के कर कमलों से संपन्न हुआ। (श्रोतग्रंथ-जैमिनी अश्वमेध ग्रंथ एवं विविध रामायण) विदिशा जिले में मुख्यालय से 40 किलोमीटर की दूरी पर रावण ग्राम है, यहाँ



रावण की मूर्ति का आज भी पूजन किया जाता है।

वहीं वैत्रवती तट स्थित त्रिवेणी तीर्थ पर श्री राम लक्ष्मण मंदिर, पुरानी कलेक्ट्रेट के पास श्रीराम द्वारा (श्रीराम द्वारा) में श्रीराम मंदिर, आज भी मकर संक्रांति के अवसर पर रामचंद्रजी की झांकी का पदार्पण चरणतीर्थ पर होता है जहां श्रद्धालु भक्तों द्वारा भगवान के चरणों का पूजन किया जाता है, शनि मंदिर के सामने मंगलदास के टीला पर कनक भवन अयोध्या की श्रीरामजी एवं सीताजी की विराजमान झांकी की प्राण प्रतिष्ठा वरिष्ठ धर्माधिकारी पं. गोविन्द प्रसादजी शास्त्री की प्रेरणा से महंतजी द्वारा जयपुर से मूर्तियाँ मंगाकर मंदिर में स्थापना की गई है। श्री सरजू दास जी के श्रीराम मंदिर एवं मंगलदासजी के कनक भवन श्री राम मंदिर के मध्य आज भी जब हाथी यहाँ आते हैं यहाँ की रज को सूढ से उठाकर मस्तक पर गिराते हैं।

विश्वनाथ शास्त्री पुरम चौपडा पर प्रधान संचालक के निवास पर नवीन रामचंद्रजी के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की गई है। वाटर-वर्क्स के पास वैत्रवती के प्राचीन घाट का नाम श्रीराम घाट प्रसिद्द है, नाना के बाग (भगत सिंह कालोनी) में वनवासी वेश में श्री राम चन्द्र जी श्री सीता जी एवं श्री लक्ष्मण जी की प्रतिमायें प्रतिष्ठित हैं। साँची रोड़ देवी के बाग के सामने श्री रामचंद्र जी का मंदिर प्रतिष्ठित है। डंडापुरा स्थित श्री चिंतामणि श्री गणेश मंदिर में प्राचीन श्री रामचंद्र जी का मंदिर प्रतिष्ठित है।

बहरा बाबा घाट पर श्रीहनुमानजी के मंदिर के सामने श्री राम चन्द्र का मंदिर प्रतिष्ठित है। बड़ी बजरिया में श्रीराम जी का प्राचीन मंदिर है एवं श्रीराम नगर चौराहे पर श्रीरामजी का मंदिर है, किले अन्दर में श्री रामजी का प्राचीन मंदिर, किरी मोहल्ला में श्रीरघुनाथजी का मंदिर है, किले अन्दर श्री बाला जी मंदिर में द्विशाताब्दी प्राचीन श्रीराम मंदिर प्रतिष्ठित है, विदिशा के कण कण में श्रीरामचंद्र जी विराजमान है, अतः घर घर में लगावें बन्दनवार, शंख झालर की मंगल ध्वनि से भगवान की आरती कीजिए। रंगोली सजावें अपने अपने भवनों पर ध्वजा लगाएं, मंगल गीत एवं बधाई गीतों का करें गायन, श्री रामचरित मानस के अखण्ड पाठ एवं सुन्दर काण्ड, श्री हनुमान चालीसा के पाठ, श्री राम रक्षा स्त्रोत्र का पाठ के साथ श्री राम जय राम जय जय राम का कीर्तन एवं जय घोष करें, विद्वानों से अनुरोध है की पुरुषसूक्त का पाठ एवं स्वस्ति वाचन मन्त्रों के साथ मंगला चरण करके घर घर में पूजन करें।